प्रेषक,   ई–मेल

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय, अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/अनु04/प्रयो0परी0/2022/8592   लखनऊःदिनांक– 16/02/2022

विषयः–विषम सेमेस्टर परीक्षा, दिसम्बर–2021 की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न किये जाने विषयक।

महोदय,

कृपया परिषद की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 11.02.2022 में लिये गये निर्णय के कम में विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा एवं मल्टी प्वाइन्ट इन्ट्री एण्ड केडिट सिस्टम परीक्षा दिसम्बर –2021 की प्रयोगात्मक परीक्षायें आफलाइन माध्यम् से लिखित परीक्षा के पूर्व सम्पन्न कराई जानी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सूच्य है कि विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा एवं मल्टी प्वाइन्ट इन्ट्री एण्ड केडिट सिस्टम परीक्षा दिसम्बर–2021 की प्रयोगात्मक परीक्षा परिषद द्वारा आवंटित प्रयोगात्मक परीक्षकों द्वारा ही आफलाइन माध्यम् से सम्पन्न कराकर एवं प्रयोगात्मक अंकों को परीक्षक लागिन के माध्यम से परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपडेट कराते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करायी जानी है।

यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त प्रयोगात्मक परीक्षा पूर्ण कराते हुए छात्र/छात्राओं के प्रयोगात्मक अंकों की ई–लिस्ट की हार्डकापी को पेपर कोड के बढ़ते कम में व्यवस्थित कर स्पाईरल बांइडिंग कराते हुए परिषद कार्यालय को 15 मार्च 2022 के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्रयोगात्मक परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी समस्या हेतु प्रयोगात्मक अनुभाग–4 की ई0मेल0 आई0डी0 anubhag4bte@gmail.com पर ई–मेल के माध्यम् से सूचित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–4/प्रयो0परी0/2022/8593–97   तद्दिनॉक 16/02/2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव/अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ, को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।

2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पूर्वी क्षेत्र।
4. समस्त अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्रा0शि0प0, को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(सुनील कुमार सोनकर)
सचिव।